# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 11.05.2025 (दोपहर–1320 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **भारत–पाक के बीच सीजफायर के बाद राजस्थान–पंजाब और जम्मू–कश्मीर में आज सुबह से हालात सामान्य, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की उच्चस्तरीय बैठक।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच अफवाह फ़ैलाने वालों की पहचान कर उनपर कड़ी कार्रवाई करने के दिए निर्देश।**
3. **राज्य में जल्द ही 26 हजार करोड़ रुपये के निवेश को लेकर 15 निजी कंपनियों के साथ होगा करार, 11 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार।**
4. **झारखंड के सभी सरकारी स्कूलों के लिए तय किया गया एक शैक्षणिक कैलेंडर, अब हर महीने सभी स्कूलों में एक साथ होगी विषयों की पढ़ाई।**
5. **खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तहत आज शाम बेगूसराय में खेला जयेगा झारखंड और मणिपुर के बीच बालिका फुटबॉल का सेमीफाइनल मुकाबला।**

*******************

भारत और पाकिस्तान के बीच कल शाम हुए संघर्ष विराम की घोषणा के बाद कल देर रात से सीज फायर उल्लघंन की कोई घटना नहीं हुई है। इसके अलावा दोनों देशों की सीमा पर ड्रोन भी नहीं देखे गए हैं। कल देर रात के बाद से कोई सैन्य कार्रवाई भी पाकिस्तान की ओर से नहीं की गई है। जम्मू–कश्मीर समेत पंजाब और राजस्थान के सीमाई इलाकों में आज सुबह से शांति है और स्थिति सामान्य होती दिख रही है। इधर, सेवानिवृत्त मेजर जनरल बिपिन बक्शी ने कहा कि अगर पाकिस्तान कार्रवाई करता है तो भारत सख्ती से जवाब देगा।

इधर, सीजफायर के बाद आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नयी दिल्ली स्थित अपने आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक की है। इस बैठक में रक्षा मंत्री, रक्षा प्रमुख, तीनों सेनाओं के प्रमुख, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के अलावा आईबी और रॉ के चीफ मौजूद रहे। पाकिस्तान ने कल शाम करीब पांच बजे सीजफायर लागू होने के तीन घंटे बाद ही इसे तोड़ दिया था। वहीं, भारतीय वायु सेना ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर में सौंपे गए कार्यों को सटीकता के साथ सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया है। चूंकि ऑपरेशन अभी भी जारी है, इसलिए उचित समय पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

*******************

केन्द्र सरकार ने कहा है कि युद्ध के कई गेमिंग वीडियो हाल के भारत–पाकिस्तान संघर्ष के वास्तविक फुटेज के रूप में प्रसारित किए जा रहे हैं। लोगों को ऐसे प्रोपेगंडा से बचने की सलाह दी गई है। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक इकाई ने कहा है कि सोशल मीडिया पर ऐसे गेमिंग वीडियो बड़ी संख्या में दिखाये जा रहे है।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच अफवाह फ़ैलाने वालों की पहचान कर उनपर कड़ी कार्रवाई की जाए। एक उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके

अलावा श्री सोरेन ने राज्य में हर हाल में शांति व्यवस्था बनाये रखने और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी आदेश दिए हैं।

*******************

राज्य में जल्द ही 26 हजार करोड़ रुपये के निवेश को लेकर 15 निजी कंपनियों के साथ एमओयू साइन किया जायेगा। इससे झारखण्ड में 11 हजार लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस सम्बन्ध में उद्योग विभाग ने सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इससे सम्बंधित संचिका मुख्यमंत्री के पास मंजूरी के लिए भेज दी गयी है। संभावना जताई जा रही है कि इसी महीने के अंत तक एमओयू की यह प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। पिछले दिनों कोलकाता में एक समिट के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विभिन्न कंपनियों ने राज्य में स्टील, स्पंज आयरन, बिजली, सीमेंट अदि क्षेत्रों में निवेश की इच्छा जताई थी।

*******************

झारखण्ड हाईकोर्ट में कल से छह जून तक गर्मी की छुट्टियां हो जाएँगी। इस दौरान हाई कोर्ट में नौ दिन वेकेशन बेंच बैठेगी। यह सिंगल बेंच सिर्फ अर्जेन्ट सिविल और क्रिमिनल केसों की सुनवाई करेगी।

*******************

राज्य सरकार ने राज्य भर के सभी सरकारी स्कूलों के लिए एक शैक्षणिक कैलेंडर तय कर दिया है। अब हर महीने सभी स्कूलों में एक साथ एक ही विषय की पढ़ाई हो सकेगी। शैक्षणिक कैलेंडर और विषयों को 12 महीनों में बांट दिया गया है। स्कूली और साक्षरता विभाग ने बताया कि एक शैक्षणिक कैलेंडर के आधार पर पढ़ाई के साथ–साथ हर महीने विद्यार्थियों का मूल्यांकन भी किया जायेगा। इसके अलावा पठन–पाठन की जाँच के लिए स्कूलों का औचक निरीक्षण भी किया जाएगा।

*******************

खड़गपुर डिवीजन में विकास कार्यों के कारण टाटानगर से होकर चलने वाली लगभग एक दर्जन ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। दक्षिण पूर्व रेलवे जोन के तहत टाटा–आसनसोल मेमू एक ओर जहां आद्रा तक ही चलेगी, वहीं टाटा–हटिया एक्सप्रेस का मार्ग बदला गया है।

*******************

आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस है। वर्ष 1998 में इसी दिन भारत ने राजस्थान के पोखरण में परमाणु बम का सफल परीक्षण किया था। यह दिन देश की प्रगति और विकास में प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता है। आज के दिन भारत की तकनीकी विशेषज्ञता और देश के पहले स्वदेशी विमान हंसा–3 के प्रक्षेपण में वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और नवप्रवर्तकों के योगदान और छठे वैश्विक परमाणु परीक्षण को याद किया जाता है।

*******************

आज मदर्स डे भी है। यह परिवार में माँ के सम्मान में मनाया जाने वाला उत्सव है। मदर्स डे के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि मां सिर्फ जन्म नहीं देती है, वो हर दिन हमें जीना सिखाती है। श्री सोरेन ने सभी को मदर्स डे की बधाई देते हुए देश की

अक्षुण्णता और अखंडता की रक्षा के लिए सीमा पर तैनात वीर योद्धाओं की वीर माताओं को भी नमन किया है। इधर, जमशेदपुर पूर्वी से विधायक पूर्णिमा साहू ने भी मदर्स डे के अवसर पर अपने विचार साझा किए।

*******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 90 हजार 300 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तीन हजार रुपये प्रति किलो है।

*******************

देवघर जिले के सारवां थाना क्षेत्र स्थित गोरेमारा गांव के जंगल में छापेमारी कर पुलिस ने चार साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि ये सभी साइबर अपराधी टीम बनाकर संगठित होकर अपराध कर रहे थे।

*******************

खूंटी जिले से पुलिस ने दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। बुंडू के पुलिस उपाधीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि अन्य पशु तस्करों की धर–पकड़ के लिए भी लगातार छापेमारी जारी है।

*******************

जामताड़ा जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

*******************

खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तहत आज शाम चार बजे से झारखंड और मणिपुर के बीच बालिका फुटबॉल का सेमीफाइनल मुकाबला खेला जायेगा। यह प्रतियोगिता बेगूसराय में होगी।

********समाप्त***********